**जेम फाउन्डेशन स्कूल**
**वार्षिक परीक्षा : 2019–20**

| | | |
|---|---|---|
| **दिनांक : 19/ 02 /2020** | **विषय – हिन्दी** | **कुल पृष्ठ संख्या 4** |
| **समय –3 घंटे** | **कक्षा – सातवीं** | **पूर्णांक- 80** |

**सामान्य निर्देश :–**

**1. सभी प्रश्नों के उत्तर अनिवार्य है।  2. प्रश्नों के उत्तर कमानुसार दें।**

**[खण्ड–क]**

**प्रश्न 1– निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखें :–** **1x5=5**

आत्मविश्वास सफलता का प्रतीक है। आत्मविश्वासी व्यक्ति सफलता को अपने पुरुषार्थ से उपार्जित न मानकर ईश्वरीय अनुदान मानता है। आत्मविश्वासी मनुष्य सफलता को अपने ही उपयोग में प्रयुक्त नहीं करता, अपितु औरों में भी बाँटता है। इस तरह से श्रेय, सफलता, यश–सम्मान पाने की प्रवृत्ति उसमें नहीं होती। आत्मविश्वास ऐसी संजीवनी है, जो व्यक्तित्व के तीनों पहलुओं–चिंतन, चरित्र और व्यवहार को प्रभावित करता है। लक्ष्य के प्रति विश्वास भी हमारी विचार–तरंगों को उसी ओर उन्मुख कर देता है। वह लक्ष्य का चयनकर सफलता पाता है। आत्मविश्वास का विकास एवं उपयोग अपने विचारों और मान्यताओं के आधार पर होता है। जैसा हम स्वयं को मानेंगे, वैसा ही बनते चले जाएँगे। कायरता अथवा प्रखरता में से किसका वरण करना है ? आत्मविश्वासी व्यक्ति इन दोनों में उच्चतम का वरण करता है। वरण ही नहीं करता, अपितु उस पर बढ़ता चला जाता है। उसके पदचिह्न औरों के लिए पाथेय बन जाते हैं ? आत्मशक्ति विकसित करने के लिए हमें दूसरों पर निर्भर नहीं रहना चाहिए। संदेह से दूर रहना चाहिए। निरंतर अभ्यास के द्वारा मनुष्य में आत्मविश्वास उत्पन्न होता है और कार्य में दक्षता आती है। ईश्वर ने सभी मनुष्यों को समान बुद्धि प्रदान की है। बुद्धिमान व्यक्ति निरंतर अभ्यास द्वारा उसे प्रखर बना सुजान बना देता है। व्यक्ति को तब तक अभ्यास करते रहना चाहिए, जब तक उसे लक्ष्य प्राप्त न हो जाए। अभ्यासरत एवं प्रयत्नशील व्यक्ति स्वयं तो सफलता प्राप्त करते ही हैं, साथ ही विश्व के अन्य लोगों के लिए भी सभी प्रकार की सफलताओं के द्वार खोल जाते हैं।

प्रश्न क) सफलता के लिए आत्मविश्वास का होना क्यों आवश्यक है ?
प्रश्न ख) आत्मविश्वाास को संजीवनी क्यों कहा गया है ?
प्रश्न ग) विचार आत्मविश्वास को कैसे प्रभावित करता है ?
प्रश्न घ) 'पाथेय' से क्या अभिप्राय है ?
प्रश्न ड.) संदेह से दूर रहने के लिए क्यों कहा गया है ?

**प्रश्न 2– निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखें :–** **1x5=5**

कुछ भी बन, बस कायर मत बन !
ठोकर मार पटक मत माथा,
तेरी राह रोकते पाहन !
कुछ भी बन, बस कायर मत बन !
ले–देकर जीना क्या जीना ?
कब तक गम के आँसू पीना ?
मानवता ने सींचा तुझको
बहा युगों तक खून पसीना !
कुछ न करेगा ? किया करेगा –
रे मनुष्य–बस कातर क्रंदन ?
कुछ भी बन, बस कायर मत बन !
'युद्धं देहि' कहे जब पामर,
दे न दुहाई पीठ फेरकर !
या तो जीत प्रीति के बल पर,
या तेरा पथ चूमे तस्कर !
प्रतिहिंसा भी दुर्बलता है,
पर कायरता अधिक अपावन !
कुछ भी बन, बस कायर मत बन !
तेरी रक्षा का न मोल है,
पर तेरा मानव अनमोल है !
यह मिटता है, वह बनता है,
यही सत्य की सही तौल है !
अर्पण कर सर्वस्व मनुज को,
कर न दुष्ट को आत्म–समर्पण
कुछ भी बन, बस कायर मत बन !

प्रश्न क) कवि किस प्रकार के जीवन को नहीं मानता और क्यों ?
प्रश्न ख) कवि किसपर सबकुछ समर्पित करने के लिए कह रहे हैं ?
प्रश्न ग) कवि ने अधिक अपवित्र किसे माना है और क्यों ?
प्रश्न घ) कवि किसे ठोकर मारने को कहता है ?
प्रश्न ड.) उपर्युक्त पद्यांश में सें 'ता' प्रत्यय वाले दो शब्द चुनकर लिखें ।

## [खण्ड–ख]

**प्रश्न 3 – निम्नलिखित वाक्यों में उपयुक्त कारक चिह्न लगाइए –** **1x2=2**

क) यह घर अनिल ______ है।
ख) सीमांत कमरे ______ सो रहा है।

**प्रश्न 4 – निम्नलिखित रेखांकित विशेषण शब्दों के भेद लिखें –** **½x4=2**

क) बड़ा गमला <u>नीचे</u> गिर गया।
ख) <u>वह</u> घर बहुत बड़ा है।
ग) <u>दो लीटर</u> तेल दे दो।
घ) <u>प्रत्येक</u> विद्यार्थी ने कविता पाठ याद कर लिया।

**प्रश्न 5 – निम्नलिखित वाक्यों में से क्रिया शब्द छाँटकर उनके भेद लिखें –** **1x2=2**

क) बड़ी बहन ने पाठ पढ़ाया।
ख)रोहित खेल रहा है।

**प्रश्न 6 – निम्नलिखित वाक्यों में से क्रियाविशेषण संबंधी अशुद्धियों को दूर कर वाक्य पुनः लिखें –** **1x2=2**

क) खरगोश बड़ा दौड़ता है।
ख) वह लगभग खाती रहती है।

**प्रश्न 7 – उचित संबंधबोधक भरकर वाक्यों की पूर्ति करें –** **1x2=2**

क) पहाड़ के ______ गीदड़ रहते है।
ख) अजय से ______ मोहन पहुँच गया था।

**प्रश्न 8 – निम्नलिखित वाक्यों में से समुच्चबोधक शब्द छाँटकर लिखें –** **1x2=2**

क) फल और सब्जियों का सेवन स्वास्थय के लिए लाभकारी है।
ख) यदि मेहनत करोगे तो सफलता तुम्हारे कदम चूमेगी।

**प्रश्न 9 – 'भय' तथा 'शोक' का भाव दिखाने वाले दो–दो विस्मयादिबोधक शब्द लिखें –** **1x2=2**

**प्रश्न 10 – निम्नलिखित वाक्यों में उचित विराम चिह्न लगाकर वाक्य पुनः लिखें –** **1x3=3**

क) सुख दुख तो आते जाते हैं
ग) मेज़ पर पेंसिल पुस्तक कॉपियाँ रखी हैं
ख) अरे तुम कब आए

**प्रश्न 11 – निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ लिखकर वाक्य प्रयोग करें –** **1x3=3**

क) लोहे के चने चबाना
ख) रंग में भंग होना
ग) बंदर घुड़की

## [खण्ड–ग]

**प्रश्न 12 – निम्नलिखित पठित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखें :–** **1x5=5**

अफसोस कि तुम इस राखी की कीमत नहीं जानते। छोटे–छोटे दो धागे दुश्मन को भी मोहब्बत की ज़ंजीरों में जकड़ देते हैं। यह मेरी खुशकिस्मती है कि मेवाड़ की बहादुर रानी ने मुझे अपना भाई बनाया है और बहादुरशाह से मेवाड़ की हिफ़ाज़त करने के लिए मेरी मदद चाही है।

तो क्या जहाँपनाह ने उनकी प्रार्थना मंजूर कर ली है ?

वह प्रार्थना नहीं, हुक्म है। राखी आ जाने के बाद भी क्या सोच–विचार किया जा सकता है ? यह तो आग में कूद पड़ने का न्योता है। हिंदुस्तान का इतिहास गवाह है कि राखी के धागों ने हज़ारों कुर्बानियाँ कराई हैं। मैं दुनिया को बता देना चाहता हूँ कि हिंदुओं के रस्मो–रिवाज़ मुसलमानों के लिए भी उतने ही प्यारे हैं। हम हर कीमत पर उनकी हिफ़ाज़त करेंगे।

प्रश्न क) राखी के धागों के विषय में हुमायूँ ने क्या बताया है ?
प्रश्न ख) हुमायूँ ने अपनी खुशकिस्मती किसे कहा है ?
प्रश्न ग) हिंदुस्तान का इतिहास किस बात का गवाह है ?
प्रश्न घ) हुमायूँ दुनिया को क्या बताना चाहता था ?
प्रश्न ड.) उर्पयुक्त गद्यांश में से योजक चिह्न प्रयुक्त शब्द छाँटकर लिखें।

**प्रश्न 13 – निम्नलिखित पठित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखें :–** **1x5=5**

तूफानों की ओर घुमा दो नाविक निज पतवार !
आज सिंधु ने विष उगला है
लहरों का यौवन मचला है
आज हृदय में और सिंधु में
साथ उठा है ज्वार।
तूफानें की ओर घुमा दो नाविक निज पतवार !

लहरों के स्वर में कुछ बोलो
इस अंधड़ में साहस तौलो
कभी–कभी मिलता जीवन में
तूफ़ानों का प्यार।
तूफानें की ओर घुमा दो नाविक निज पतवार !

प्रश्न क) कवि के हृदय और सिंधु में क्या उठ रहा है ?
प्रश्न ख) कविता में तूफ़ान किसका प्रतीक है ?
प्रश्न ग) माँझी कब तक पतवार चलाता रहता है ?
प्रश्न घ) उपर्युक्त कविता एवं उसके कवि का नाम लिखें।
प्रश्न ड.) उपर्युक्त पद्यांश में से दो विशेषण शब्द छाँटकर लिखें।

**प्रश्न 14 – निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखें :–** **1x5=5**

क) छौने  ख) काहिली  ग) सम्मानित  घ) दंडवत  ड.) असीम

**प्रश्न 15 – निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में दें :–** **1x5=5**

प्रश्न क) नदी के छौने किन्हें कहा गया है ?
प्रश्न ख) कुलीन परिवार के भाइयों के लिए नौकरी करना क्यों आवश्यक हो गया ?
प्रश्न ग) रानी कर्णावती को मदद की आवश्यकता क्यों पड़ी ?
प्रश्न घ) पिता ने पुत्र को क्या शिक्षा दी ?
प्रश्न ड.) सागर पार करने के लिए क्या आवश्यक है ?

**प्रश्न 16 – निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो से तीन वाक्य में दें :–** **2x6=12**

प्रश्न क) नदी को पर्वत से भी महान क्यों कहा गया है ?
प्रश्न ख) कुलीन परिवार के सदस्यों द्वारा नौकरी न करने का क्या परिणाम हो रहा था ?
प्रश्न ग) राखी भेजने के पक्ष में रानी ने क्या तर्क दिया ?
प्रश्न घ) न्यायालय में मुंशी वंशीधर को कैसे अनुभव हुए ?
प्रश्न ड.)देश की उन्नति और अवनति नदियों पर कैसे निर्भर है ?
प्रश्न च) अगले दिन घायल व्यक्ति ने राजा को क्या बताया ?

**प्रश्न 17 – कठिन परिस्थितियों का सामना करने से क्या लाभ हो सकते हैं ?** **3**

**[खण्ड–घ]**

**प्रश्न 18 – विद्यालय के जल संकट के बारे में सूचित करते हुए प्रधानाचार्य को पत्र लिखें।** **7**

**या**

**ग्रीष्म अवकाश में घर आने का निमंत्रण देते हुए सखी या मित्र को पत्र लिखें।**

**प्रश्न 19 – 'हमारा शहर जमशदपुर ' अथवा 'पर्वतीय प्रदेश की सैर' विषय पर एक निबंध लिखें –** **8**